# हिन्दी

## (दूर्वा) (पाठ 1) (कुँवर नारायण – गुड़िया)
## (कक्षा 8)

**प्रश्न 1:**

कविता से

**(क)**

गुड़िया को कौन, कहाँ से और क्यों लाया है?

**(क)**

कवि गुड़िया को लेकर आया था। मेले में एक बुढ़िया उसे बेच रही थी। कवि  को वह गुड़िया अच्छी लगी और उसने वह गुड़िया मोल भाव करके उससे खरीद ली।

**(ख)**

कविता में जिस गुड़िया की चर्चा है वह कैसी है?

**(ख)**

कविता में चर्चित गुड़िया बहुत प्यारी है वह अपनी आँखें खोल सकती है, पिया-पिया बोल सकती है। उसकी काली-काली आँखें हैं वह सितारों से जड़ी चुनरी पहने हैं वह बहुत सुन्दर लग रही है।

**(ग)**

कवि ने अपनी गुड़िया के बारे में अनेक बातें बताई हैं। उनमें से कोई दो बातें लिखो।

**(ग)**

कवि ने अपनी गुड़िया के बारें में यह बताया है कि यह आँखें मूंद सकती है, पिया-पिया बोल सकती है इसने लाल रंग की चुनरी पहनी है यह बहुत सुन्दर है इसे मैं अपनी अलमारी में सजाकर रखूंगा।

**प्रश्न 2:**

तुम्हारी बात

**(क)**

खेल-खिलौनों की दुनिया में तुमको परी बनाऊँगा। बचपन में तुम भी बहुत से खिलौनों से खेले होगे। अपने किसी खिलौने के बारे में बताओ।

**(क)**

बच्चे अपने बचपन में खेले किसी सबसे प्यारे खिलौने के बारे में विस्तार से उस पर एक लेख तैयार करके कक्षा में प्रस्तुत करेंगे।

**(ख)**

मोल-भाव करके लाया हूँ। ठोक-बजाकर देख लिया। अगर तुम्हें अपने लिए कोई खिलौना खरीदना हो तो तुम कौन-कौन सी बातें ध्यान में रखोगे?

**(ख)**

अगर मुझे कोई खिलौना खरीदना पड़े तो मैं उसके बारे में अच्छी तरह पड़ताल करूंगा उसके गुण जानूंगा उसके बाद मोल-भाव करके उसे खरीदूंगा।

**(ग)**
मेले से लाया हूँ इसको, छोटी-सी प्यारी गुड़िया, यदि तुम मेले में जाओगे तो क्या खरीदकर लाना चाहोगे और क्यों?
**(ग)**
बच्चे अपनी रुचि के अनुरूप खिलौनों की चर्चा करेंगे।

**प्रश्न 3:**
मेला
भारत में अनेक अवसरों पर मेले लगते हैं। कुछ मेले तो पूरी दुनिया में प्रसिद्ध हैं।
**(क)**
तुम अपने प्रदेश के किसी मेले के बारे में बताओ। पता करो कि वह मेला क्यों लगता है? वहाँ कौन-कौन से लोग आते हैं और वे क्या करते हैं? इस काम में तुम पुस्तकालय या बड़ों की सहायता ले सकते हो।
**(क)**
छात्र अपने क्षेत्र में होने वाले मेले के बारे अपने बड़ों की सयता से लिख सकते हैं।

**(ख)**
तुम पुस्तक-मेला, फिल्म-मेला और व्यापार-मेला आदि के बारे में जानकारी प्राप्त करो और बताओ कि अगर तुम्हें इनमें से किसी मेले में जाने का अवसर मिले तो तुम किस मेले में जाना चाहोगे और क्यों?
**(ख)**
छात्र अपनी रूचि एवं जानकारी के आधार पर इस प्रश्न का उत्तर लिखेंगे।

**प्रश्न 4:**
कागज के फूल
कागज से तरह-तरह के खिलौने बनाने की कला को 'आरिगैमी' कहा जाता है। तुम भी कागज के फूल / वस्तु बनाकर दिखाओ।
**उत्तर 4:**
छात्र इस कला को अपने बड़ों से सीख सकते हैं और उसके आधार पर अपनी कला का प्रदर्शन कक्षा में करें।

**प्रश्न 5:**
घर की बात
तुम्हारे घर की बोली में इन शब्दों को क्या कहते हैं?
**(क)** गुड़िया
**(ख)** फुलवारी
**(ग)** नुक्कड़
**(घ)** चुनरी
**उत्तर 5:**
**(क)** गुड्डी/गुड्डा
**(ख)** बगिया
**(ग)** किनारा
**(घ)** दुपट्टा

**प्रश्न 6:**

मैं और हम

मैं मेले से लाया हूँ इसको

हम मेले से लाए हैं इसको

ऊपर हमने देखा कि यदि 'मैं' के स्थान पर 'हम' रख दें तो हमें वाक्य में कुछ और शब्द भी बदलने पड़ जाते हैं। इसी बात को ध्यान में रखते हुए दिए गए वाक्यों को बदलकर लिखो।

**(क)**

मैं आठवीं कक्षा में पढ़ती हूँ।

**(क)**

हम आठवीं कक्षा मे पढ़ते हैं।

**(ख)**

मैं जब मेले में जा रहा था तब बारिश होने लगी।

**(ख)**

जब हम मेले जा रहे थे तभी बारिश होने लगी।

**(ग)**

मैं तुम्हें कुछ नहीं बताउँगी।

**(ग)**

हम तुम्हे कुछ नहीं बताएंगे।

**प्रश्न 7:**

शब्दों की दुनिया

दिए गए शब्दों के अंतिम वर्ण से नए शब्द का निर्माण करो-

मेला लाल लगन नया याद

पिया

खोल

शिशुमन

**उत्तर 7:**

| | |
|---|---|
| पिया | यात्रा |
| खोल | लता |
| शिशुमन | नल |